## आईबीएम अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर लैब तैयार करेगी, सीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

# लखनऊ बड़ा एआई हब बनेगा

### अवसर

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ जल्द ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के हब के तौर पर जानी जाएगी। जेनरेटिव एआई, एजेंटिक एआई के साथ ही साइबर सुरक्षा जैसे व्यापक क्षेत्रों में कार्य करने के लिए विख्यात कंपनी इंटरनेशनल बिजनेस मशीन्स कॉर्पोरेशन (आईबीएम) लखनऊ में जल्द ही व्यापक उपस्थिति दर्ज कराने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी के विजन को धरातल पर उतारने के लिए आईबीएम स्टेट ऑफ द आर्ट सॉफ्टवेयर लैब लखनऊ में स्थापित करेगी।

इस लैब की स्थापना लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी स्थित प्लेटिनम मॉल में होगी। यह लैब भारत और वैश्विक स्तर पर उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए बड़े भाषा मॉडल और छोटे भाषा मॉडल का उपयोग करेगी।

लखनऊ में आईबीएम का विस्तार प्रौद्योगिकी को बढ़ाने, कार्यबल कौशल प्रशिक्षण में सुधार के साथ युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजन करेगा।




- सुशांत गोल्फ सिटी के प्लेटिनम मॉल में होगी लैब की स्थापना
- लैब भारत और वैश्विक स्तर पर उभरती जरूरतों को पूरा करेगी

## प्रदेश की प्रतिभा को निखारने का माध्यम बनेगी आईबीएम की प्रौद्योगिकी: योगी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लखनऊ में नई सॉफ्टवेयर प्रयोगशाला रोजगार सृजन व स्थानीय प्रतिभाओं की भागीदारी से राज्य की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह एआई संचालित नवाचार और उपयोग के मामलों को गति देगी जिससे उत्पादकता के साथ कार्यकुशलता बढ़ेगी और नागरिक सेवाओं में सुधार करेगा।

उन्होंने कहा कि हम लखनऊ को एआई शहर बनाने और प्रतिभाओं को विकसित करने, विचारों को बढ़ावा देने तथा एआई पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक केंद्र के रूप में स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। लखनऊ में आईबीएम का प्रस्तावित विस्तार प्रौद्योगिकी क्षेत्र को और आगे बढ़ाने, कार्यबल कौशल प्रशिक्षण में सुधार करने और राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के हमारे मिशन के अनुरूप है।

आईबीएम के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम योगी आदित्यनाथ से मंगलवार को मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के सामने परियोजना का खाका पेश करते हुए रोजगार सृजन समेत विविध ब्योरा पेश किया।

### विकास का माध्यम

यह लैब यूपी की इकॉनमिक ग्रोथ व रोजगार सृजन की दिशा में भी बड़ी भूमिका निभाएगी। लैब भारत स्थित आईबीएम के सबसे बड़े सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट सेंटर्स में शामिल होगा जो वैश्विक मानकों पर सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, डिजाइन व विकास को सुनिश्चित करने का माध्यम बनेगा।

" यूपी में आईबीएम की सॉफ्टवेयर लैब का विस्तार मील का पत्थर होगा। लैब अगली पीढ़ी के एआई समाधान और डिजिटल क्षमताओं को मजबूत करेगी। - **संदीप पटेल**, प्रबंध निदेशक, आईबीएम इंडिया-साउथ एशिया

" लखनऊ में हमारी सॉफ्टवेयर लैब नवाचार को आगे बढ़ाने, स्थायी प्रभाव पैदा करने तथा सरकार की पहलों का एआई से समर्थन करने के लिए उत्साहित है। **विशाल चहल**, उपाध्यक्ष, आईबीएम इंडिया (सॉफ्टवेयर लैब्स)